प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से अगले साल तक नकस्लवाद खत्म करने का संकल्प दोहराया, माओवादियों से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की।
- सरायकेला–खरसावां में पारंपरिक रथ मेला का हुआ विधिवत शुभारंभ, विधायक दशरथ गागराई ने कला–संस्कृति संरक्षण में जनभागीदारी पर दिया जोर।
- धनबाद में 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से विकास कार्य ठप, जनप्रतिनिधियों ने आंदोलन और सामूहिक इस्तीफे की दी चेतावनी।
- मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी जिलों में 3 जुलाई तक जारी किया रेड अलर्ट, भारी बारिश और वज्रपात की जताई संभावना।
- झारखंड में पहली बार ट्रांसजेंडरों के लिए हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, खेल के जरिये उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास।

******************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगले साल तक देश से नकस्लवाद को खत्म करने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया। कल राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद निजामाबाद में किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने माओवादियों से आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की।

******************

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का कार्यान्वयन शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम से प्रतीक्षा सूची के टिकट वाले यात्रियों की अनिश्चितताओं में कमी आएगी। यह प्रतीक्षा सूची के टिकट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में यात्रियों को वैकल्पिक प्रबंध करने का और समय भी प्रदान करेगा। एक रिपोर्ट–

******************

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक आपातकाल लागू होने की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश भर में अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आकाशवाणी ने वरिष्ठ पत्रकार बलबीर दत्त से बात की जहां उन्होंने आपातकाल के काले दिनों के दौरान हुए अपने अनुभवों को साझा किया।

******************

सरायकेला–खरसावां में हर वर्ष की तरह इस बार भी पारंपरिक रथ मेला का विधिवत शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन खरसावां विधायक दशरथ गागराई, राजा प्रताप आदित्य सिंहदेव और झामुमो नेता गणेश महाली ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में विधायक ने मेला समिति के प्रयायों कर सराहना करते हुए कहा कि कला और संस्कृति का संरक्षण सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

******************

धनबाद जिले में 15वें वित्त आयोग की राशि जारी नहीं होने से ग्रामीण विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गया है, जिसकी वजह से जनप्रतिनिधियों में नाराजगी है। कल जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित आपात बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। मौके पर जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो सभी पंचायत प्रतिनिधि सामूहिक इस्तीफा देंगे।

******************

******************

पाकुड जिले में केंद्र सरकार की पीएम जनमन योजना और राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना के तहत लोगों को राहत देने का काम किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी जिले खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला में 3 जुलाई तक रेड अलर्ट जारी किया है। यहां पर औसत 300 मिलीमीटर से अधिक बारिश की संभावना है और हवा की गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है, साथ ही तीव्र वज्रपात की भी आशंका जताई गई है।

******************

झारखंड में पहली बार जमशेदपुर के रामदास भट्टा कम्युनिटी सेंटर मैदान में ट्रांसजेंडरों के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर आयोजक साध्वी अमरजीत ने कहा कि खेल के माध्यम से ट्रांसजेंडरों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है। वहीं जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और कहा कि ट्रांसजेंडर समाज हमारा परिवार है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां–1

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकतर अख़बारों ने पूर्वी सिंहभूम के पोटका में निजी आवासीय स्कूल के हॉस्टल में बारिश के पानी घुसने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है पोटका के निजी आवासीय स्कूल में पानी घुसा, बच्चों ने छत पर बैठकर बचायी जान।

हिंदुस्तान के शब्द हैं विनय चौबे पर जमीन गड़बड़ी पर फिर होगा केस।

दैनिक भास्कर लिखता है–खूंटी में ग्राम प्रधान और भाजपा नेता बलराम की हत्या, 10 हिरासत में।

दैनिक जागरण लिखता हैं रांची रेलवे स्टेशन के बाहर पानी, हो रही परेशानी।

*******समाप्त**********